मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-467
**25/09/2025**

# मुख्यमंत्री ने भागलपुर में 301.71 करोड़ रुपये लागत से 59 योजनाओं का किया उद्घाटन एवं शिलान्यास

- पेंशनधारियों, जीविका दीदियों एवं अन्य लाभुकों के साथ किया संवाद।

पटना, 25 सितम्बर 2025 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज भागलपुर जिले के सन्हौला प्रखंड के अरार–धुआवे पंचायत के श्री चंडिका मिश्री लाल कृष्ण प्रसाद माध्यमिक उच्चतर प्लस टू विद्यालय परिसर में 301 करोड़ 71 लाख रुपये की लागत से कुल 59 योजनाओं का शिलापट्ट अनावरण कर रिमोट के माध्यम से उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। इसके अंतर्गत 141.99 करोड़ रुपये की लागत से 43 योजनाओं का उद्घाटन तथा 159.71 करोड़ रुपये की लागत से 16 योजनाओं का शिलान्यास किया गया।

इनमें 68 करोड़ 25 लाख रुपये की लागत से जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल भागलपुर में 100 शैय्या एवं सदर अस्पताल भागलपुर में 50 शय्या के क्रिटिकल केयर ब्लॉक के भवन, 24 करोड़ 79 लाख रुपये की लागत से नवगछिया में खेल अवसंरचना का निर्माण, 74 करोड़ 63 लाख रुपये की लागत से सिंचाई, विद्युत एवं विकास सम्बंधी अन्य 13 योजनाओं का शिलान्यास तथा 43 करोड़ 42 लाख रुपये की लागत से प्रखंड गोराडीह अंतर्गत 220 के0वी0 बांका–गोराडीह संचरण लाइन, 41 करोड़ 66 लाख रुपये की लागत से नवगछिया–कटरिया के बीच रेल ओवर ब्रिज तथा 56 करोड़ 91 लाख रुपये की लागत से सड़क, भवन, स्वास्थ्य केंद्र एवं मॉडल स्ट्रक्चर के निर्माण सहित अन्य कुल 41 विकासात्मक योजनाओं का उद्घाटन शामिल है।

मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम स्थल पर बड़ी संख्या में उपस्थित पेंशनधारियों, जीविका दीदियों एवं अन्य लाभुकों के साथ संवाद किया। वहां उपस्थित लोगों ने मुख्यमंत्री का धन्यवाद करते हुए कहा कि रसोइयों का मासिक मानदेय 1650 रुपये से बढ़ाकर 3300 रुपये करने, वृद्धजनों, दिव्यांगजनों एवं विधवा महिलाओं की पेंशन राशि को 400 रुपये से बढ़ाकर 1100 रुपये करने, किसान सलाहकारों का मासिक मानदेय 13 हजार रुपये से बढ़ाकर 21 हजार रुपये करने, बिहार भवन निर्माण एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के अंतर्गत निबंधित निर्माण श्रमिकों को वस्त्र सहायता योजना के तहत 5000 रुपये प्रति श्रमिक बैंक खाता में अंतरित किये जाने से काफी सहूलियत मिली है। इसके साथ ही स्वच्छता पर्यवेक्षकों का मानदेय 7500 रुपये से बढ़ाकर 9 हजार रुपये करने, समस्त ग्रामीण आवास सहायकों का मानदेय 16540 रुपये से बढ़ाकर 19675 रुपये करने, जीविका कैडरों के मानदेय में दो गुनी वृद्धि किए जाने से काफी राहत मिली है। इसके अतिरिक्त राज्य सरकार द्वारा घरेलू उपभोक्ताओं को 125 यूनिट बिजली फ्री दिए जाने से लोगों को काफी फायदा मिल रहा है। इससे गरीब परिवारों की आर्थिक स्थिति में सुधार हो रहा है। मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना शुरू करने, महिलाओं के उत्थान तथा उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में सरकार द्वारा किए जा रहे कार्यों की जीविका दीदियों ने प्रशंसा करते हुए मुख्यमंत्री के प्रति आभार प्रकट किया। जीविका दीदियों ने मुख्यमंत्री से कहा कि हम लोगों को मात्र 7 प्रतिशत ब्याज दर पर बैंक से लोन मिल रहा है। इसके लिए हम सब मुख्यमंत्री जी के प्रति आभार प्रकट करते हैं।

मुख्यमंत्री ने उपस्थित लोगों से बातचीत करते हुए कहा कि सरकार हर प्रकार से विकास का कार्य कर रही है। प्रारंभ से ही हमलोग सबके उत्थान के लिए काम कर रहे हैं। किसी की उपेक्षा नहीं की गई है। आप सभी के सहयोग से बिहार निरंतर प्रगति के पथ पर आगे बढ़ रहा है। आप सभी मिलजुल कर रहें। आप के सहयोग और सरकार के प्रयास से बिहार बहुत आगे बढ़ेगा।

इसके पश्चात मुख्यमंत्री ने श्री चंडिका मिश्री लाल कृष्ण प्रसाद माध्यमिक उच्चतर प्लस टू विद्यालय परिसर में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष स्व0 सदानंद सिंह की प्रतिमा का अनावरण कर माल्यार्पण किया।

कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी, राज्यसभा सांसद सह जदयू के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री संजय कुमार झा, सांसद श्री अजय कुमार मंडल, विधायक श्री पवन कुमार यादव, विधायक श्री ललित नारायण मंडल, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह, भागलपुर प्रमंडल के आयुक्त श्री हिमांशु कुमार राय, भागलपुर प्रक्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक श्री विवेक कुमार, जिलाधिकारी श्री डॉ0 नवल किशोर चौधरी, वरीय पुलिस अधीक्षक श्री हृदय कांत सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, वरीय अधिकारीगण, लाभार्थीगण, गणमान्य व्यक्ति एवं बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

******